सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 25 | इंदौर, बुधवार 06 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline



**1. ED Raids: दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और देहरादून में 11 ठिकानों पर छापा, साइबर धोखाधड़ी मामले में एक्शन**



**2. रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, 5.5% पर रहेगी बरकरार; अगस्त एमपीसी बैठक के बाद बोले गवर्नर मल्होत्रा**



**3. West Asia Crisis: UN में हमास के कब्जे से बंधक छुड़ाने की मांग, कई देशों ने गाजा में भुखमरी पर इस्राइल को घेरा**

सीएम डॉ. यादव बोले-

# किसान उत्पादक संगठन सिर्फ खरीदी तक सीमित न रहें, प्रसंस्करण कर लाभ कमाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) केवल किसानों से फसल खरीदने तक सीमित न रहें, बल्कि उत्पादों की प्रोसेसिंग कर बाजार में बेचें। इससे एफपीओ से जुड़े किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को भोपाल स्थित राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान में 'एफपीओ डायरेक्टर समिट-2025' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य फूड प्रोसेसिंग को 5% से बढ़ाकर 95% तक ले जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई रकबा 55 लाख हेक्टेयर हो गया है और 32 लाख सोलर पंप बांटने की योजना शुरू हो चुकी है। किसानों को बिजली बिल से मुक्ति दिलाने के लिए यह एक बड़ा कदम है। राज्य में कृषि उत्पादकता अच्छी है और अब हम खाद्य प्रसंस्करण और दूध प्रसंस्करण में अग्रणी बनने की ओर बढ़ रहे हैं।




### आलू चिप्स का बड़ा उद्योग लगेगा

मुख्यमंत्री ने बताया कि मालवा अंचल में आलू चिप्स निर्माण के लिए बड़ा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। साथ ही एफपीओ वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स में भी भागीदारी करें। राज्य सरकार रोजगार आधारित उद्योगों को बिजली, पानी और भूमि की सुविधा के साथ महिला कर्मचारियों को 6,000 और पुरुष कर्मचारियों को 5,000 रुपये प्रतिमाह अनुदान भी दे रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश का जैविक कपास दुनियाभर में लोकप्रिय है। चीन और वियतनाम भी अपने उत्पादों को एमपी के नाम से बेच रहे हैं। इसी को देखते हुए राज्य सरकार किसान संगठनों के साथ मिलकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम करेगी। कार्यक्रम में कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना और भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने भी किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एफपीओ को मार्केटिंग और प्रशिक्षण की दिशा में और सशक्त करने की आवश्यकता है। सरकार किसानों की हर जरूरत का ध्यान रख रही है।

### बांस की राखियां बांधी

समिट के दौरान रतलाम से आईं स्व-सहायता समूह की बहनों ने मुख्यमंत्री को बांस से बनी राखियां बांधकर सम्मानित किया। उन्होंने किसानों को स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी और बलराम जयंती की शुभकामनाएं भी दीं।

इंदौर-भोपाल हाईवे

# दो से तीन घंटे जाम में फंसे रहे हजारों वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर-भोपाल मार्ग पर सीहोर में लगे जाम के कारण इंदौर के हजारों लोग भी घंटों फंसे रहे। जो लोग शाम 7 बजे भोपाल से निकले थे वे रात 10.30 बजे तक आष्टा भी नहीं पहुंच पाए। महिलाएं और बच्चे भी परेशान होते रहे।**



जाम में फंसे ट्रैफिक एक्सपर्ट राजकुमार जैन के अनुसार, सीहोर के पास क्रिसेंट वाटर पार्क के पास से ही इंदौर की गाड़ियों को डायवर्ट कर दिया गया था, जो रास्ता आमला में खुलने वाला था, लेकिन बीच में कुछ गाड़ियों के फंसने के कारण खासा जाम लग गया। दिक्कत तब और बढ़ गई जब लोगों ने जल्दी निकलने की होड़ में दो लेन की सड़क पर तीन से चार लेन में गाड़ियां लगा दीं।

इससे सारी गाड़ियां फंस गईं। पांच किमी पैदल चलकर पहुंचे और किसी तरह गाड़ियां निकलवाने की कोशिश की। इस बीच गांव के 10-15 युवक भी आ गए और उनकी मदद से किसी तरह जाम खुलवाया। हालांकि इस दौरान भी लोग बीच-बीच में गाड़ियां लगाने के साथ जाम खुलवा रहे युवकों से अभद्रता करने से भी नहीं चूके। इस वजह से युवक बाद में चले भी गए और देर तक जाम से जूझते रहे। जाम में फंसे रवि विजयवर्गीय ने बताया कि डायवर्शन के बावजूद काफी परेशानी आई। प्रशासन और आयोजकों की तरफ से किसी तरह की व्यवस्था नजर नहीं आई। कम से कम कुछ वॉलेंटियर तैनात किए जा सकते थे, जो लोगों की मदद करते। ढाई से तीन घंटे तक लोग जाम में परेशान होते रहे, लेकिन कहीं से कोई मदद नहीं मिल पाई। देर रात तक वहां यही स्थिति बनी हुई थी।

# तीन साल में शहर की सफाई व्यवस्था बरकरार रही और स्वच्छता में इंदौर देश में सिरमौर बना रहा

## शहरवासी गंदे पानी, सड़कों पर गड्ढे जैसी मूलभूत समस्याओं से अभी भी जूझ रहे हैं



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर**। शहर की स्थानीय सरकार यानी इंदौर नगर निगम की निर्वाचित परिषद को मंगलवार को तीन साल पूरे हो गए। इन तीन साल में शहर की सफाई व्यवस्था बरकरार रही और स्वच्छता में इंदौर देश में सिरमौर बना रहा। इंदौर ने स्वच्छता में अष्टसिद्धि यानी लगातार आठ साल तक देश में पहले नंबर पर रहने में बड़ी कामयाबी हासिल की। हालांकि, मेयर पुष्य मित्र भार्गव के नेतृत्व वाली निगम परिषद की अन्य बड़ी घोषणाएं तीन साल में भी पूरी नहीं हो पाईं। अभी तक नर्मदा के चौथे चरण का काम शुरू नहीं हो पाया है और न शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पटरी पर आ सकी है। तीन साल पहले जब पुष्य मित्र भार्गव इंदौर के मेयर का चुनाव जीते थे, तो उन्होंने कहा था कि हम आने वाले 50 वर्षों के हिसाब से इंदौर की जरूरतों पर ध्यान देंगे। मेयर ने स्मार्ट क्लास, उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को कोचिंग, उद्यानों में योग कक्षाएं व खुली व्यायामशालाएं जैसे नवाचारों पर जोर दिया, लेकिन शहरवासी गंदे पानी, सड़कों पर गड्ढे जैसी मूलभूत समस्याओं से अभी भी जूझ रहे हैं। नगर निगम ने 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बांड के जरिए जुटाई। इस राशि का उपयोग जलूद में सोलर प्लांट बनाने में किया जाना था, लेकिन अभी तक इसका काम पूरा नहीं हो पाया है। नर्मदा के चौथे चरण का काम भी शुरू नहीं हो सका है। शहर के पुराने क्षेत्रों में सीवरेज लाइन के काम पर जोर रहा। नगर निगम सीमा में शामिल 29 गांवों में भी सीवरेज, पेयजल लाइन के काम शुरू हुए, लेकिन इन्हें पूरा होने में अभी लंबा वक्त लगेगा। मेयर ने खुद कई मार्गों पर जाकर ट्रैफिक संभाला, शहर में ट्रैफिक मित्र बनाए, जो ट्रैफिक व्यवस्था देखते हैं, लेकिन ट्रैफिक सुधार को लेकर ठोस काम नहीं हुए। शहर के मार्गों पर रैली-जुलूस को लेकर गाइडलाइन का पालन नहीं होता। उनके कारण शहरवासियों को अक्सर जाम झेलना पड़ता है। शहर में सड़कों का चौड़ीकरण तो किया जा रहा है, लेकिन नए मार्गों के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया गया। नए मार्गों से ट्रैफिक में आसानी होती है। पांच साल से जिन नए मार्गों का निर्माण जारी है। वे भी पूरे नहीं हो पाए। एमआर-4 आठ साल बाद भी कुमेड़ी बस स्टैंड से नहीं जुड़ पाई और जवाहर मार्ग से गौतमपुरा तक बनी रिवर साइड रोड पलसीकर कॉलोनी से नहीं जुड़ सकी।

### इतने ब्रिज कभी नहीं बने

तीन साल में हमने कॉलोनियों में सड़कें बनाईं। वर्षों से जिन क्षेत्रों में ड्रेनेज, पेयजल लाइन के काम नहीं हुए थे। उसे पूरा किया गया। जितने ब्रिज शहर में बन रहे हैं, उतने पहले कभी एक साथ नहीं बने। हुकुमचंद मिल की जमीन का निराकरण किया गया और मजदूरों की बकाया राशि का भुगतान किया गया।

**-पुष्य मित्र भार्गव, मेयर**
**इंदौर नगर निगम**

**भाजपा शासित निगम परिषद को हुए 25 साल : महापौर बोले -**

# असंभव काम को संभव किया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

इंदौर। **भाजपा शासित निगम परिषद को 25 साल पूरे हो गए। इसके साथ ही मौजूदा निगम परिषद को तीन साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर इंदौर के सभी 85 वार्डों में निगम सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रोग्राम होंगे।**

सभी 85 वार्डों में एक साथ होने वाले प्रोग्रामों में सीएम डॉ.मोहन यादव ऑनलाइन जुड़ेंगे। भाजपा के इस आयोजन की शुरुआत मंगलवार को शाम 6 बजे से होगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, सुदर्शन गुप्ता, गोपी कृष्ण नेमा, आलोक दुबे, टीनू जैन सहित 85 प्रमुख वक्ता सभी वार्डों में निगम सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाएंगे।

महापौर पुष्य मित्र भार्गव के नेतृत्व में विगत 3 सालों की विकास यात्रा को विशेष रूप से प्रस्तुत करेंगे। इस प्रोग्राम में शाम 6 बजे वार्ड 50 में स्कीम नंबर 140 वर्ल्ड कप चौराहे पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव वार्ड स्तरीय प्रोग्राम में शामिल होंगे। इसके पहले मंगलवार दोपहर को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल विकास, विश्वास और नवाचार के थे, जिन्होंने आने वाले 25 साल की आधारशिला रखने का काम किया है। तीन साल है ये असंभव को संभव करने के दिखाने के थे। असंभव काम को संभव करने का काम हमने किया है। धोबीघाट की जमीन नगर निगम के नाम पर करने की बात हो, इसे हमने संभव किया है। हमारी गोशाला आज प्रदेश की सबसे अच्छी गोशाला में गिनी जाने लगी है। भविष्य के इंदौर के लिए आज एमआईसी ने नर्मदा के चौथे चरण का प्रस्ताव भी स्वीकृत करने का काम किया है। 900 एमएलडी पानी 2050 के इंदौर के लिए आपूर्ति का काम करेगा। 23 से ज्यादा मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण का काम आने वाले 20-25 सालों तक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराऐगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने महापौर का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के स्मार्ट मेयर निश्चितौर पर कुछ नया करते है। महापौर और पूरी एमआईसी के सदस्य और सभी पार्षदों ने मिलकर तीन साल में जो काम किया है। हमारे पीएम जो डिजिटल इंडिया की बात कर रहे है, उसकी ओर इंदौर ने कदम बढ़ा दिया है। हम डिजिटल इंदौर की ओर आगे बढ़ रहे है। नर्मदा का चौथा चरण ला रहे है। इसके साथ ही कई विकास के काम हुए है।

**अवैध शराब कारोबारियों पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई**

# नकली लेबल का जखीरा जब्त

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

इंदौर। **शहर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान आबकारी विभाग के विशेष दल द्वारा देशी शराब की बोतलों पर चिपकाए जाने वाले हजारों नकली लेबल जब्त किये गए।**

सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए देशी शराब की बोतलों पर चिपकाए जाने वाले हजारों नकली लेबल जब्त किए हैं। यह कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार के विरूद्ध महत्वपूर्ण कदम है। पिछले कुछ समय से जिले में नकली शराब की बिक्री को लेकर खबरें संज्ञान में आ रही थीं, जिसे आबकारी विभाग ने बेहद गंभीरता से लिया। इसके बाद एक विशेष मुखबिर दल का गठन किया गया, जिसकी निगरानी आबकारी कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, उड़नदस्ता प्रभारी सुश्री प्रीति चौबे और डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल कर रहे थे। आबकारी विभाग की इस टीम में उप निरीक्षक महेश पटेल और सुनील मालवीय भी शामिल थे।



**होटल बुंदेलखंड के पास से बड़ी बरामदगी-** टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर स्कीम नंबर 114 स्थित होटल बुंदेलखंड के पास दबिश दी गई। इस दौरान शैलेन्द्र नामक व्यक्ति के गृहस्थी के सामान में से हजारों की संख्या में देशी मदिरा के पावों पर लगने वाले नकली लेबल बरामद किए गए। ये लेबल असली लेबल की हूबहू नकल थे, जिन्हें देखकर पहचान करना मुश्किल था। इस बरामदगी ने नकली शराब के उत्पादन और वितरण की बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया है।

**गैंग के शामिल होने की आशंका, गहन जांच जारी-** आबकारी विभाग का मानना है कि यह केवल एक व्यक्ति का काम नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक बड़ा संगठित गिरोह काम कर रहा है। विभाग अब इस मामले की गहनता से जांच कर रहा है, ताकि इस पूरे नेटवर्क को उजागर किया जा सके और इसमें शामिल सभी दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जा सके।

# निगमकर्मियों ने व्यापारी को घेरकर पीटा अतिक्रमण हटाने के दौरान की बहस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम के कर्मचारियों ने एक व्यापारी को घेरकर पीटा। मौके पर मौजूद पुलिस और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें शांत कराया। घटना के बाद दोनों पक्ष भंवरकुआं थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।**

मंगलवार दोपहर को टावर चौराहे पर नगर निगम की रिमूवल टीम होर्डिंग्स, अतिक्रमण और सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने के लिए पहुंची थी। सपना-संगीता रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सामान हटाने को लेकर एक व्यापारी टीम से बहस करने लगा।



उसने निगम कर्मचारी पर हाथ उठा दिया। इसके बाद नगर निगम के अन्य कर्मचारियों ने उसकी पिटाई कर दी। नगर निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया ने बताया मारपीट करने वालों को चिन्हित कर लिया है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटनाक्रम का असर फुटपाथ पर कब्जा करने वालों के खिलाफ जारी कार्रवाई पर नहीं पड़ेगा। ट्रैफिक सुधार मुहिम जारी रहेगी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नगर निगम के कर्मचारियों ने व्यापारी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। झगड़े की चपेट में कुछ राहगीर भी आ गए, जिनके साथ निगमकर्मियों ने धक्का-मुक्की की। विवाद के बाद दोनों पक्ष जूनी इंदौर थाने गए। यहां से उन्हें भंवरकुआं थाने भेजा गया। दोनों पक्ष ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# अनवर कादरी का पार्षद बने रहना शहरहित में नहीं : महापौर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लव जिहाद के लिए फंडिंग के आरोपी इंदौर के भाजपा पार्षद अनवर कादरी को हटाने का प्रस्ताव लाने का फैसला लिया गया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि कादरी को हटाने का प्रस्ताव एमआईसी में पारित करेंगे और अगली परिषद में रखेंगे।

जल्द अगली परिषद में हम दो-तिहाई बहुमत और जिन मुद्दों पर उन्हें हटाना जरूरी है, उन पर चर्चा करेंगे। पार्षद अनवर कादरी को भी सुनवाई का मौका देंगे। पार्षदी खत्म करने का प्रस्ताव अगली परिषद में लेकर आने का भी एमआईसी में शिकायत के आधार पर फैसला लिया गया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा- अनवर कादरी जैसे पार्षद ने न केवल अपनी पार्षदी का, बल्कि इस निगम और शहर का मान कम करने का काम किया है। महापौर ने बताया कि कादरी लव जिहाद की फंडिंग के आरोपों के कारण फरार चल रहा है। इसका पार्षद बने रहना न तो शहर हित में है, न ही निगम हित में। हमने एक लेटर डिविजनल कमिश्नर को लिखा था कि वह धारा-19 के प्रावधान के तहत तत्काल कार्रवाई करें। वो अपनी कार्रवाई कर रहे होंगे।

# 10वीं शादी से पहले गिरफ्तार हुई लुटेरी दुल्हन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 20 वर्षीय सलोनी सोलंकी की असलियत तब सामने आई जब वह अपनी 10वीं शादी रचाने महाराष्ट्र के बुलढाणा पहुंची और वहां पुलिस के हत्थे चढ़ गई। दरअसल, सलोनी ने बांसवाड़ा जिले के घाटोल निवासी भुवनेश जैन से शादी की थी, लेकिन वह शादी महज एक और ठगी की कड़ी निकली।**

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि सलोनी अब तक नौ शादियां कर चुकी है और हर बार वह दुल्हन बनकर लाखों की ठगी कर फरार हो जाती थी। पीड़ित भुवनेश जैन ने बताया कि शादी का रिश्ता दलाल सरिता जैन के माध्यम से तय हुआ था। विवाह से पहले ही सलोनी ने 500 रुपये के स्टांप पेपर पर एक विवाह इकरारनामा करवाया और 3.70 लाख रुपये नकद ले लिए। इसके बाद दोनों का विवाह संपन्न हुआ और सलोनी करीब 15 दिन तक भुवनेश के घर दुल्हन बनकर रही। फिर पिता की तबीयत बिगड़ने का बहाना बना कर उसने 87 हजार रुपये और मांगे और इंदौर चली गई। सलोनी ने भुवनेश से संपर्क बनाए रखा, लेकिन हर बार टालमटोल और बहाने करती रही। जब भुवनेश को शक हुआ तो उसने सलोनी की पिछली गतिविधियों की जानकारी जुटाई, जिससे सनसनीखेज तथ्य सामने आए। पता चला कि सलोनी ने बांसवाड़ा में तीसरी शादी करने से पहले इंदौर और अन्य स्थानों पर दो और शादियां कर रखी थीं। इसके बाद उसने एक माह के भीतर छह और पुरुषों से विवाह कर ठगी की।

एक अगस्त को सलोनी महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में अपनी 10वीं शादी रचाने पहुंची थी, लेकिन यहां स्थानीय पुलिस को पहले से ही अलर्ट थी। समय रहते कार्रवाई कर पुलिस ने सलोनी को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ विवाह का इरादा रखने वाला युवक भी चौंक गया जब उसे सलोनी की सच्चाई पता चली। भुवनेश जैन ने बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए सलोनी और दलाल सरिता जैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि शादी से पहले सलोनी को महंगे कपड़े, सोने-चांदी के गहने, मोबाइल और नकदी सहित कुल करीब चार लाख रुपये का सामान दिया गया, जिसे वह अपने साथ लेकर चली गई। इस पूरे मामले में दलाल सरिता जैन की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। भुवनेश का आरोप है कि सरिता पहले से सलोनी की गतिविधियों से वाकिफ थी, फिर भी रिश्ता तय कराया। पुलिस अब दलाल से भी पूछताछ कर इस गिरोह की अन्य कड़ियों को खंगालने में जुटी है।

## राजा रघुवंशी के घर के बाहर महिला का हंगामा

# बोली- भाई सचिन ने मंदिर में शादी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अपने बेटे राजा की हत्या का सदमा झेल रहा इंदौर का रघुवंशी परिवार विवादों में आ गया है। राजा के बड़े भाई पर एक महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि सचिन रघुवंशी ने उससे मंदिर में शादी की। सचिन और उसका डेढ़ साल का एक बच्चा भी है।**

इसी बच्चे को लेकर महिला मंगलवार दोपहर सचिन के घर पहुंची। महिला हंगामा करने लगी तो सचिन घर से चला गया। उसने कहा कि महिला ब्लैकमेल कर रही है। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। महिला ने आरोप लगाया कि बच्चे का डीएनए सचिन से मैच हो गया था, लेकिन कानूनी लड़ाई अब भी चल रही है। मैं चाहती हूं कि उसे और बच्चे को सचिन



अपनाए और परिवार का हिस्सा बनाए। महिला ने कहा कि मैं जब सचिन के घर पहुंची तो उसकी मां ने अंदर से ताला लगा दिया और सचिन गाड़ी में बैठकर चला गया। मैंने उसे गेट के बाहर भी रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। महिला ने आरोप लगाया कि सचिन और उसके परिवार ने जानबूझकर उसे और बच्चे को समाज से अलग-थलग करने की कोशिश की। उसने कहा- मैंने कई बार कोर्ट का सहारा लिया, लेकिन हर बार मेरा अपमान हुआ। अगर सचिन ने शादी को स्वीकार कर पूरे सम्मान के साथ निभाया होता, तो आज ये नौबत नहीं आती। महिला ने यह भी दावा किया कि उसके पास सचिन के साथ शादी के वीडियो और मंदिर में हुई रस्मों के पुख्ता सबूत हैं, जिन्हें कोर्ट में भी पेश किया है। महिला को उम्मीद है कि अदालत उसे न्याय दिलाएगी और सचिन रघुवंशी को उसके किए की सजा मिलेगी। ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की 11 मई को सोनम रघुवंशी से शादी हुई थी। दोनों 20 मई को हनीमून के लिए रवाना हुए थे। 23 मई को दोनों लापता हो गए थे। 2 जून को राजा का शव शिलॉन्ग की एक घाटी में बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि राजा की हत्या धारदार हथियार से की गई थी।

# आज के समय में पत्रकारिता का दायित्व निभाना बहुत ही मुश्किल कार्य हैं और ये एक मिशन की तरह करने वाले आगे बढ़ते जाते हैं : प्रो.श्याम सुंदर पलोड़




संस्था "आदित्य"क्रे संयोजक व पत्रकार सचिन नीमा को सम्मानित करते हुए रणजीत हनुमान मंदिर के प्रमुख पुजारी दीपेश व्यास,पूर्व राज्यमंत्री व समाजसेवी योगेंद्र महंत, मीसा बंदी व व वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार ओमप्रकाश फरक्या,अग्निबाण के पत्रकार गिरीश कोपरगांवकर,गायक दीपक मल्होत्रा, प्रोफेसर व कवि श्यामसुंदर जी पलोड़।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर--"पत्रकारिता पर आज के आधुनिक समय मे कुछ लोग बहुत ही बट्टा लगाते हैं फिर भी निष्पक्ष व खोजी पत्रकार अपनी अलग पहचान बना ही लेते है उसके लिये वो सब कुछ न्यौछावर करने के लिए भी सदैव तत्पर रहते है "ये बात एक शानदार आयोजन में पत्रकारों के बीच वरिष्ठ पत्रकार व मीसाबंदी रहे ओमप्रकाश फरक्या जी ने कही।संस्था"आदित्य"के द्वारा आयोजित "एक शाम राष्ट्र के नाम में"व पत्रकार सम्मान समारोह बहुत ही गौरवशाली अतिथियों व पत्रकारों के तत्वाधान में "आज के आधुनिक समय मे पत्रकारिता मिशन"के विषय को लेकर क्रीमती गार्डन में बेहतरीन आयोजन सम्पन्न हुआइस आयोजन में प्रसिद्दि गायिका व समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली प्रिया चौहान को सम्मानित किया गया व उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई उन्होंने "हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए "की शानदार प्रस्तुति देकर सब लोगो मे देश प्रेम की अलख जगाई व स्वतंत्रता दिवस के 10 दिन पूर्व ही जनता को राष्ट्र प्रेम व देशभक्ति क्रे लिये आंदोलित किया। इसके पूर्व शिक्षा जगत व साहित्यिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले प्रो.श्यामसुंदर पलोड़ ने अपनी ओजस्वी




वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी अमर गोमे का सम्मान करते मशहूर गायक कलाकार दीपक मल्होत्रा।

वाणी से राष्ट्र प्रेम की शानदार कविताओं से कार्यक्रम में शमा बांध दिया। इस कार्यक्रम में युवा उभरते पत्रकार व दिगम्बर जैन समाज के प्रमुख आधार स्तंभ महावीर जैन को "लाइफ टाइम अचीवमेंट"अवार्ड से नवाजा गया इस अवसर पर उन्होंने भी एक शानदार गीत की प्रस्तुति देकर पूरी सभा का मजमा ही लुट लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकप्रिय व खोजी पत्रकार अमर गोमे,विनोद श्रीवास्तव,ओम बाबा,चंपालाल जी गुर्जर, डॉ शरद मिश्रा, गिरीश कोपरगाँवकर,बी.सी.सोनी ने की।अतिथियों का सम्मान सुरेश वर्मा,संदीप सूर्यवंशी, पवन लासुरकरव प्रवीण मौर्य ने किया। इस राष्ट्र भक्ति के अवसर पर भारतीय सेना से रिटायर्ड व समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तित्व जितेंद्र मौर्य का विशेष सम्मान किया गया।पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त व विश्व ब्राह्मण समाज के संस्थापक अध्यक्ष पंडित योगेंद्र जी महंत को भी समाजसेवी के रूप में विशेष सम्मानित किया गया।इस अवसर पर रणजीत हनुमान मंदिर के प्रमुख पुजारी दीपेश व्यास जी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।सम्मानित की श्रेणि में ब्लड डोनेशन में रिकार्ड बनाने वाले डॉक्टर अभिषेक तायड़े,प्रमुख योग गुरु पूजा शर्मा,विशेष आर्टिस्ट प्रिया वर्मा,श्रेया जी,उद्योग पति भरत राठौर, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी सुरेश जैन,समाजसेवी मंजू शर्मा,रूपेश वर्मा,प्रवीण मौर्य आदि थे।कार्यक्रम का संचालन प्रधुम्न जैन व शिवांगी ने किया व आभार संस्था "आदित्य" क्रे संयोजक व "आदित्य की आवाज"अखबार के पत्रकार सचिन नीमा ने किया।कार्यक्रम का प्रायोजक ओमेक्स ग्रुप था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की समीक्षा

# प्रदेश में चलेगा सोलर पंप स्थापित करने का सघन अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसानों के खेतों पर कुसुम योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों का किसानों को लाभ दिलवाते हुए सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग किया जाए। इसके लिए नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय से कार्य कर लक्ष्य पूर्ण करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री राकेश शुक्ला की उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष सोलर पंप स्थापित करने का अभियान



प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विस्तार पूर्वक समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में आगामी वर्ष तक 10 लाख सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे। चरणबद्ध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। किसानों को खेतों में सोलर पंप की स्थापना से जहां सामान्य बिजली के उपयोग पर होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति मिलेगी वहीं इस नवाचार से अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। यह कार्य प्रदेश में गति प्राप्त करेगा। इसके लिए किसानों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे। आने वाले समय में यह भी संभव होगा कि किसान उत्पादित ऊर्जा का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला बाल विकास की सुपरवाइजर 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ी गई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में मंगलवार की दोपहर लोकायुक्त की टीम ने महिला सुपरवाइजर अनीता श्रीवास्तव को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर फार्म भरने वाली महिला अभ्यर्थी से भर्ती के एवज में रिश्वत की मांग गई थी। महिला एवं बाल विकास विभाग में ग्रामीण क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों पर भर्ती निकली है। ग्राम वीरपुर निवासी रानी पुत्री बच्ची लाल जाटव ने अटावीरपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर सहायिका के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। उसके भाई शिशुपाल के अनुसार रानी के पास नरवर विकासखंड के खुदावली सेक्टर में पदस्थ महिला सुपरवाइजर अनीता पत्नी मनोज श्रीवास्तव का फोन आया कि नौकरी चाहिए तो दो लाख रुपये देने होंगे। आपका नाम दूसरे नंबर पर है। पैसा दे देती हैं तो मैरिट में प्रथम स्थान वाली अभ्यर्थी के दस्तावेज में से कोई एक दस्तावेज कम कर उसे अयोग्य घोषित कर देंगे। 30 अगस्त को लॉ स्टूडेंट शिशुपाल ने अनीता के पास जाकर बात की, उसके बाद लोकायुक्त में शिकायत दर्ज करवाई। तय योजना के मुताबिक मंगलवार को जैसे ही पेशगी के रूप में 20 हजार रुपये दिए गए, अनीता के बैग से वह जब्त कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में प्रकरण कायम कर लिया गया।

## प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में भगदड़, 2 लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार को भारी भीड़ के चलते भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई। 8 से 10 श्रद्धालु चक्कर और घबराहट की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचे हैं। जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है।

प्रदीप मिश्रा बुधवार को कुबेरेश्वर धाम से चितावलिया हेमा गांव तक कांवड़ यात्रा निकालने वाले हैं। इसमें शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भंडारे, ठहराव और दर्शन



के लिए जगह कम पड़ने लगी, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई। कई स्थानों पर अफरातफरी का माहौल बन गया। तीन लोग नीचे गिर गए। इनमें से दो की दबने से मौत हो गई। कुबेरेश्वर धाम के आसपास इतनी ज्यादा भीड़ है कि घायलों को जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर लाने में डेढ़ घंटे का समय लग गया। घटना के 3 घंटे बाद भी स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन दोनों मृतकों की पहचान नहीं कर सका है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता ने हादसे को लेकर कुछ भी कहने से मना कर दिया। मानसून सत्र के लिए भोपाल पहुंचे सीहोर विधायक सुदेश राय ने हादसे को लेकर कहा, बेहद दुख की बात है। मैंने मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को भी इसकी जानकारी दी है। कुबेरेश्वर धाम में बुधवार को कांवड़ यात्रा है। इसमें शामिल होने दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु यहां आ गए हैं। पुलिस और प्रशासन ने अपनी ओर से सभी इंतजाम कर रखे हैं। भीड़ ज्यादा होने के चलते हादसे हो जाते हैं। मैं मौके पर पहुंचकर देखूंगा कि अनहोनी कैसे हुई।

## पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला 7 अगस्त को

**भोपाल, एजेंसी।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पोक्सो अधिनियम) विषय पर जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 7 अगस्त (गुरुवार) को एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया तथा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्रविंद्र मोरे उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में पूरे प्रदेश से महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पुलिस तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

## शादी से मना किया तो कुल्हाड़ी से हत्या


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** एक युवक ने 17 साल की लड़की की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। नाबालिग मंगलवार सुबह करीब 4 बजे घर से बाहर निकली थी। पास ही छिपा हुआ आरोपी आया और उसने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। नाबालिग की चीख सुनकर माता-पिता पहुंचे तो वह खून से लथपथ पड़ी थी। आरोपी फरार हो चुका था। अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना पाटन क्षेत्र के ग्राम सकरा की है। नाबालिग सरकारी स्कूल में 11वीं में पढ़ रही थी। गांव का ही रहने वाला 22 साल राकेश कुमार प्राइवेट जॉब करता है। जानकारी के मुताबिक वह छात्रा से छेड़छाड़ करता था। उस पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। नाबालिग ने मना कर दिया था।

## योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो : राज्यपाल श्री पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के प्रत्येक चरण के क्रियान्वयन में गंभीरता रखें। पात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिया जाए।




योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय हो। विभागीय अधिकारी समय-समय पर हितग्राहियों से संवाद करें। उनके घर जाकर योजना से मिल रहे लाभों की वास्तविक जानकारी लें। हितग्राहियों की कठिनाईयों को गंभीरतापूर्वक सुनकर समाधान करें। राज्यपाल श्री पटेल पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना की समीक्षा कर रहे थे। राजभवन के जवाहर खण्ड सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी मौजूद रहे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना अति पिछड़ी जनजातियों के कल्याण की महत्वाकांक्षी योजना है। यह बैगा, भारिया और सहारिया जनजातियों के जीवन स्तर को बेहतर करने वाली योजना है। पशुपालन विभाग पात्र और गरीब हितग्राहियों के लिए विशेष संवेदनशील रहे। उनके लिए हमेशा मदद के भाव के साथ काम करें। राज्यपाल श्री पटेल ने बैठक में मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना के विगत तीन वर्षों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन से हितग्राहियों के जीवन स्तर में हुए सुधार की जानकारी ली। योजना के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा के दौरान हितग्राही चयन, पशु प्रदाय, आय, लक्ष्य एवं पूर्ति संबंधी जरूरी निर्देश दिए। बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह, संचालक डॉ. पी.एस. पटेल, प्रबंध संचालक डॉ. सत्यनिधि शुक्ला, डॉ. संजय गोवानी, महाप्रबंधक असीम निगम सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# फिलीपींस के साथ रणनीतिक साझेदारी

भारत और फिलीपींस ने रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों पक्षों ने 13 समझौतों और सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए। इनमें सशस्त्र बलों के तीनों अंगों के बीच सहयोग के लिए संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देना शामिल है। साथ ही पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नेविगेशन की स्वतंत्रता के लिए समर्थन व्यक्त किया। फिलीपींस के साथ रणनीतिक रूप से हुए करार से भारत ने चीन को मिर्ची लगना तय है। दक्षिण चीन सागर (एससीएस) में भारत और फिलीपींस द्वारा संयुक्त गश्त के खिलाफ चीन के विरोध के बीच, दोनों पक्षों ने वहां 'बलपूर्वक और आक्रामक कार्रवाइयों' पर चिंता व्यक्त की। इस तरह के ऐक्शन क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को प्रभावित करती हैं। साथ ही दोनों देशों ने संबंधित पक्षों से आत्म-संयम बरतने और विवादों को सुलझाने और प्रबंधित करने के लिए शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीकों के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया। एक संयुक्त बयान के अनुसार, नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि दक्षिण चीन सागर पर 2016 का अंतिम और बाध्यकारी मध्यस्थता निर्णय एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का आधार है। इस निर्णय ने मनीला के साथ विवाद में दक्षिण चीन सागर के जल पर चीन के व्यापक दावों का खंडन किया था। 2023 में, भारत ने पहली बार स्पष्ट रूप से चीन से इस फैसले का पालन करने का आह्वान किया था। इसके एक साल बाद क्वाड के साथ एक संयुक्त बयान में इसी तरह का आग्रह किया था। बैठक के अन्य प्रमुख निष्कर्षों में एक अधिमान्य व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए संदर्भ की शर्तों को अपनाना और आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करना शामिल था। नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी के कार्यान्वयन के लिए एक कार्य योजना (2025-2029) भी अपनाई। भारत ने फिलिपींस के नागरिकों के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए नि:शुल्क ई-टूरिस्ट वीजा सुविधा की भी घोषणा की। मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा के लिए मार्कोस का भी धन्यवाद किया। मार्कोस दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत और जापान जैसे देशों के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि समुद्री राष्ट्र होने के नाते, दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग स्वाभाविक और आवश्यक दोनों है। आज, जब राष्ट्रपति भारत में हैं, भारतीय नौसेना के तीन जहाज पहली बार फिलीपींस में नौसैनिक अभ्यास में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का हाइड्रोग्राफी जहाज भी इसमें शामिल है। मोदी ने आगे कहा कि भारत और फिलीपींस अपनी इच्छा से मित्र और नियति से साझेदार हैं। नेताओं ने आपसी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) पर बातचीत को शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया। साथ ही मनीला ने भारत से और अधिक रक्षा उपकरण खरीदने में रुचि व्यक्त की। भारत की तरफ से पहले ही फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल डिफेंस सिस्टम की सप्लाई की जा रही है। भारत के लिए, मनीला को अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ाने में मदद करना, पाकिस्तान के एक प्रमुख डिफेंस सप्लायर, बीजिंग को जवाब देने का एक तरीका भी है। मार्कोस की यह यात्रा भारत और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में पहली संयुक्त गश्त के समय हुई। पीएलए ने फिलीपींस पर ''तथाकथित संयुक्त गश्ती आयोजित करके एक बाहरी देश को दक्षिण चीन सागर में हस्तक्षेप करने के लिए उकसाने'' का आरोप लगाया। इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान की बात कही गई थी।

## OSHO कहिन

**"भूतकाल खत्म हो चुका है, भविष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। सच्चाई केवल इस पल में है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# बादल फटा, ग्लेशियर टूटा या कोई और वजह?

## जानें, कहां-कहां जुड़ रहे धराली में मची तबाही के तार

उत्तरकाशी जिले के हर्षिल के पास धराली गांव में मंगलवार को भयानक आपदा आई. महज़ 30 से 35 सेकंड के भीतर एक शांत-सुंदर पहाड़ी बस्ती तबाह हो गई. आसमान से आई आफ़त ने गांव की रफ्तार थाम दी, ज़िंदगियां बदल दीं और कई सवाल खड़े कर दिए. 12,600 फीट ऊंचे पहाड़ से अचानक तेज धार के साथ पानी बहते हुए आया. उसके बाद दूसरा फ्लो आया जिसमें मलबा बहकर आया. और मात्र 30-35 सेकेंड में पूरा का पूरा कस्बा तबाह. इसकी वजह फिलहाल बदला फटने को वजह माना जा रहा है. Aajtak.in ने एक्सपर्ट्स से बातचीत की और समझने की कोशिश की कि इस तबाही के तार कहां-कहां तक जुड़ रहे हैं.

### पहली: बादल फटा या नहीं...

हैरान करने वाली बात है कि मौसम विभाग की साइट पर इतनी बारिश दिखाई नहीं गई, जिसे बादल फटना जैसे हालात कहें. मौसम विभाग के मुताबिक 4 अगस्त और 5 अगस्त को 8 मिमी से 10 मिमी बारिश हुई. वाडिया इंस्टीट्यूट के रिटायर्ड साइंटिस्ट ग्लेशियोलॉजिस्ट डॉ. डीपी डोभाल ने कहा कि बादल फटने की परिस्थिति जो बनती है, वो पैरामीटर सेट नहीं हो रहा. बादल फटना मतलब एक घंटे में 100 मिमी से ऊपर बारिश. लेकिन IMD के मुताबिक 4 अगस्त की रात और 5 अगस्त की सुबह 8.30 बजे तक 8-10 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. फ्लैश फ्लड दोपहर में आया. जिस वजह से ये माना जा रहा है बादल फटना इस सैलाब की वजह नहीं है.

उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दूल गुसांई ने कहा कि बादल फटने की तीन घटनाएं रिकॉर्ड हुई है. धराली, हर्षिल और सुखी टॉप के सामने. उन्होंने कहा कि शुरूआती वजह बादल फटना ही है. सुबह नए डेटा आएंगे तब स्थिति और साफ हो पाएगी. अभी किसी भी कारण से इनकार नहीं कर सकते. क्योंकि एक दिन पहले मौसम ठीक था. कम बारिश हो रही थी. लेकिन पहाड़ों पर मौसम बदलने में अब समय कहां लगता है.

### दूसरा: अस्थाई लेक या डैम का बनना और बारिश से टूटना

रिटायर्ड साइंटिस्ट और ग्लेशियोलॉजिस्ट डॉ. डीपी डोभाल ने बातचीत की. उन्होंने कहा कि- ''धराली फ्लड प्लेन में बसा है. मैंने पहले ही



चेतावनी दी थी. धराली के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है. जिस खीर गाड़ से फ्लैश फ्लड आया वो उन्हीं जंगलों से होकर गुजरता है. उसके ऊपर स्नो से भरा माउंट श्रीकंठ है. लेकिन जिस गति से फ्लैश फ्लड आया है वो बादल फटने वाली नहीं है. बादल फटने पर आने वाली फ्लैश फ्लड पहले धीमी होती है. फिर तेज और बाद में फिर धीमी हो जाती है.''

फ्लैश फ्लड की गति धराली के ऊपर जंगल किसी अस्थाई लेक, पानी जमाव या प्राकृतिक डैम जैसी स्थिति को दर्शाता है. पानी करीब 43 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आया. यही गति 2013 में केदारनाथ आपदा के समय चोराबारी लेक के टूटने से आए सैलाब की थी. दूसरा ये कि धराली और उसके अगल-बगल बेहद नैरो वैली है. ऊंचे पहाड़ है.अगर ऐसे में किसी ग्लेशियर के टूटकर अस्थाई लेक, पानी जमाव या प्राकृतिक डैम पर गिरता है तो वह उसे तोड़ देता है. जो वीडियो आए हैं, उसमें ऊपर से आता हुआ पानी काले रंग का है. मलबा भी स्लेटी रंग का है.

डोभाल कहते हैं कि ऐसा पानी और मलबा जमे हुए स्थान के टूटने से आया है. लेकिन पिछले कुछ दिनों में वहां कोई ऐसी लेक सैटेलाइट तस्वीरों में नहीं दिखी. हो सकता है जंगल के बीच में कहीं हो. जिसपर कोई पत्थर गिरा हो या लगातार बारिश की वजह से कमजोर होकर टूट गई हो. जिसकी वजह से फ्लैश फ्लड आया. एकदम ऋषिगंगा हादसे जैसा. उसके उस अस्थाई लेक, डैम में जमा गंदा मलबा भी बहकर नीचे आ गया.

### B. पहले से दो लेक थी

गूगल अर्थ से इलाके को समझने की कोशिश करें तो दिखता है कि धराली के पीछे जो पहाड़ है, उसके टॉप कैचमेंट एरिया में दो ग्लेशियर हैं, जिसमें बड़े-बड़े दरारें दिख रही हैं. हो सकता है यहां से आइस एवलांच आया होगा, जिससे ग्लेशियर में जमा मलबा तेजी से नीचे की ओर आया. धराली में मची तबाही के वीडियो को देखें तो उसमें सैलाब बहुत तेजी से नीचे की ओर आता दिख रहा है. सैलाब की स्पीड की वजह स्टीप स्लोप भी है.

2022 में गूगल इमेज भी सामने आई थीं, जिनमें तब ऊपर ग्लेशियर के पास दो छोटी-छोटी लेक (Lakes) भी नजर आईं थी. जो तब आपस में मिलने की कगार पर थी. संभावना ये भी है कि अब ये दोनों लेक मिल गई हों और फिर एवलांच आया हो, जिसने नीचे की ओर तबाही मचा दी. जैसा 2021 में चमोली जिले के Rishiganga आपदा में हुआ था.

### तीसरा: क्लाइमेट बदलने से अब बादल ऊंचाई पर भी फटने लगे हैं

डोभाल ने ये भी कहा कि आजकल क्लाइमेट चेंज की वजह से बादल फटने की घटना 3-4 हजार मीटर की ऊंचाई पर हो सकती है. जो पहले 1 या 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर होती थी. आमतौर पर 3-4 हजार मीटर की ऊंचाई पर बारिश नहीं होती. बर्फबारी होती है. लेकिन क्लाइमेट चेंज और बढ़ते तापमान की वजह से ये पैटर्न बदल गया है. अब लगातार बारिश होगी तो उससे ग्लेशियर टूटेंगे. ये ग्लेशियर किसी अस्थाई लेक पर गिरे तो उसके वजन से लेक टूट जाएगी और तेजी से नीचे की तरफ आएगी.

### क्या दिखा रहा है धराली की तबाही का वीडियो

धराली में मची तबाही के वीडियो को अगर ध्यान से देखें तो ऐसा लग रहा है कि ये सैलाब किसी चीज़ के अचानक टूटने से बहुत तेजी से नीचे आया. सैलाब जो आया है वो केवल पानी नहीं है बल्कि स्लरी टाइप का मटीरियल भी इसमें दिख रहा है जो ऊपर के सारे डिपॉजिट को नीचे ले आया है.

धराली में तबाही से नुकसान की आशंका इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि यहां घनी बसावट है. धराली, गंगोत्री और हर्षिल से सटा इलाका है. जो अपने में पर्यटकों में काफी फेमस है. टूरिस्ट एरिया होने की वजह से धराली बाजार में होटल, होम स्टे भी बड़ी संख्या में हैं. जिस वजह से नदी के आसपास (River Bed) काफी बसावट है. जिसकी वजह से वहां नुकसान ज्यादा हुआ है.

Uttarakhand

# मलबे में दबे मकान, धराशायी सड़कें और लापता लोगों की तलाश... उत्तरकाशी के धराली में चारों ओर तबाही के निशान

**उत्तरकाशी,(एजेंसी)** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में मंगलवार को भारी बारिश के बाद बादल फटने से भयानक तबाही मची. इस तबाही में धराली गांव तहस-नहस हो गया. पूरा गांव मलबे की चपेट में आया. पानी के सैलाब के बीच लोगों की चीख-पुकार ने दिल झकझोर दिया. इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत की खबर है जबकि पचास से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं. इस बीच सेना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है.

इस तबाही की चपेट में एक आर्मी कैंप भी आया है. यहां पर आर्मी मेस और कैफे हैं. कई जवानों के हादसे लापता होने की आशंका है. हर्षिल में सेना की 14



राजपूताना राइफल्स की यूनिट तैनात है. हर्षिल में नदी के किनारे बना हैलीपैड भी बह गया है. भारी बारिश की वजह से हेलीकॉप्टर से राहत और बचाव का काम नहीं हो पा रहा है.

NDRF की चार टीमें मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू में जुटी हैं. इसके अलावा आईटीबीपी की तीन टीमों को भी राहत कार्यों में लगाया गया है. राज्य और केंद्र सरकारेंस्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से नदी से दूर रहने की अपील कर रही हैं. राज्य सरकार लगातार हालत पर नजर बनाए हुए हैं.

लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर मलबा और बोल्डर गिरे हैं. इससे आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है.

Jharkhand

## झारखंड में राजा रघुवंशी जैसा हत्याकांड, ब्वॉयफ्रेंड से शादी करने के लिए लड़की ने पति को मार डाला

**पलामू,(एजेंसी)** झारखंड के पलामू में राजा रघुवंशी जैसा हत्याकांड सामने आया है। यहां 16 साल की एक लड़की ने अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी करने के पति की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी करना चाहती थी, लेकिन घरवालों ने किसी और से शादी करवा दी। डेढ़ महीने पहले हुए शादी के बाद लड़की ने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति को मारने का प्लान बनाया और 31 जुलाई को रास्ते से हटा दिया। पुलिस ने इस मामले का अब खुलासा कर दिया है।

इस मामले की जानकारी देते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन ने बताया कि लड़की पलामू के नवाजयपुर थाना क्षेत्र के सिंजों की रहने वाली है। 22 जून को उसकी शादी सरफराज नाम के लड़के के साथ हुई थी। लेकिन शादी के बाद दोनों अलग-अलग ही रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी ने पति सरफराज को जंगल में बुलाया था। जंगल में धोखे से बुलाकर पत्नी और प्रेमी ने पत्थरों से कुचलकर मार डाला। पति की हत्या के आरोप में पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी रेशमा रमेशन ने बताया कि नाबालिग लड़की ने अपने प्रेमी की मदद से पति को मार डाला। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि लातेहार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दही गाँव के रहने वाले सरफराज खान की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी गई और शव को जंगल में फेंकने के बाद पत्तों से ढक दिया गया था। एसपी ने बताया कि लड़की ने खुलासा किया कि वह अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी और उसने अपने पति की हत्या की साजिश रची। उन्होंने बताया कि लड़की के प्रेमी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

Chhattisgarh

## पत्नी ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर पति को मार-डाला

**गरियाबंद (छत्तीसगढ़),(एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में 2 बच्चों की मां ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति को मार डाला। पत्नी का गांव के मैकेनिक युवक से अफेयर था। पति ने दोनों को पहले भी घर पर रंगे हाथों पकड़ा था। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। इसलिए पति को रास्ते से हटाकर पत्नी प्रेमी संग घर बसाना चाहती थी। पति की युवक से भी अच्छी जान-पहचान थी। साजिश के तहत 25 जुलाई की रात प्रेमी ने पहले पति को खूब शराब पिलाई। जब वह होश में नहीं रहा तो उसे घर छोड़ने आया। फिर पत्नी और प्रेमी ने मिलकर तकिए से उसका दम घुटते तक मुंह दबाए रखा, जिससे उसकी जान चली गई। मामला पाण्डुका थाना क्षेत्र का है। वारदात के बाद बॉयफ्रेंड चला गया और पत्नी रात भर पति की लाश के पास सोई रही। सुबह घरवालों के सामने रोने का नाटक करने लगी। उसने बताया कि ज्यादा शराब पीने से पति की मौत हो गई। परिवार वालों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन दशगात्र से पहले ससुर को शक होने पर वह थाने पहुंचा। तब मामले का खुलासा हुआ।

New Delhi

# मृतक महिला के खाते में 10 लाख करोड़

**नई दिल्ली,(एजेंसी) यूपी और बिहार में कोटक महिंद्रा बैंक के खातों में 10 लाख करोड़ से ज्यादा रुपए आने के मामले सामने आए हैं। नोएडा में एक मर चुकी महिला के खाते में 10 लाख 1 हजार 356 लाख करोड़ (1001356000000.0001002356) से ज्यादा रकम डिपॉजिट होने का मैसेज आया। महिला के बेटे ने मोबाइल पर मैसेज देखा तो बैंक पहुंचा।**

वहीं, बिहार के जमुई में एक प्लम्बर के कोटक महिंद्रा बैंक के खाते में 10 लाख 1 हजार 356 लाख करोड़ रुपए (1,001,356,000,000.0005001 लाख करोड़) से ज्यादा जमा होने का मैसेज आया। वह पैसे निकालने बैंक पहुंचा, लेकिन बैंक ने पहले ही उसका अकाउंट फ्रीज कर दिया। प्लम्बर ने बताया कि उसके खाते में कभी भी 500 रुपए से ज्यादा नहीं रहे। इतनी राशि उसके खाते में कैसे आई, उसे नहीं मालूम। हालांकि बैंक के अनुसार ये केवल गलत मैसेज के मामले हैं। राशि किसी बैंक खाते में नहीं पहुंची है। फिर भी दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

खेल

# मबोको का सेमीफाइनल में सामना रिबाकिना से

## ज्वेरेव गत विजेता पोपिरिन को हराकर अंतिम-चार में

**मॉन्ट्रियल,(एजेंसी)** कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो को 6-4, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराने के दो दिन बाद टोरंटो की रहने वाली 18 वर्षीय खिलाड़ी मबोको को लय हासिल करने में देर लगी लेकिन उन्होंने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बना दिया और सीधे सेट में जीत दर्ज की।



मबोको 2019 में बियांका एंड्रीस्कू के खिताब जीतने के बाद से इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कनाडा की पहली खिलाड़ी हैं। वह टोरंटो में 2015 में बेलिंडा बेनकिच के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी भी हैं। मबोको का सामना अब एलेना रिबाकिना से होगा, जिन्होंने मार्टा कोस्त्युक के हाथ में चोट लग जाने के कारण मैच के बीच में हट जाने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेन की खिलाड़ी ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त रिबाकिना 6-1, 2-1 से आगे चल रही थी।

**ज्वेरेव पोपिरिन को हराकर सेमीफाइनल में-** शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलिया के 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मन खिलाड़ी और यहां 2017 के चैंपियन ज्वेरेव ने पिछली बार के विजेता पोपिरिन को 6-7 (8), 6-4, 6-3 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव या अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन से होगा। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव 75वीं बार एटीपी टूर के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे हैं। वह अपने कुल 25वें और एटीपी 1000 मास्टर्स टूर्नामेंट में आठवें ख़िताब की तलाश में हैं।

सिनेमा

## ऋतिक की 'वॉर 2' ने सलमान की 'टाइगर जिंदा है' को इस मामले में छोड़ा पीछे! मिली हरी झंडी



'वॉर 2' की रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो गया है. अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में पहली बार ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर का आमना-सामना देखने को मिलेगा. 'वॉर 2' को YRF स्पाई यूनिवर्स का सबसे डार्क चैप्टर बताया जा रहा है. फिल्म दुनियाभर में 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और मेकर्स इस वीकेंड एडवांस बुकिंग की शुरुआत भी करने वाले हैं. पता चला है कि फिल्म की सेंसर स्क्रीनिंग हाल ही में हुई और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) ने इसे U/A सर्टिफिकेट दिया है. पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, CBFC ने 'वॉर 2' को बिना ज्यादा बदलाव के सर्टिफाई किया है. फिल्म की फाइनल ड्यूरेशन 2 घंटे 53 मिनट (यानी 173 मिनट) है, जिसमें एंड क्रेडिट सीक्वेंस शामिल नहीं है, उसे बाद में सर्टिफाई किया जाएगा. कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड के लोग फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं और ये फिल्म सिनेमाघर में देखने वाली ऑडियंस के लिए धमाकेदार साबित होने वाली है. रिपोर्ट्स हैं कि जैसे 'पठान' और 'टाइगर 3' में बड़ा पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस था, वैसे ही 'वॉर 2' में भी होगा, जो ऋतिक रोशन और एनटीआर की इस फिल्म के प्रिंट्स में जोड़ा जाएगा.




1. Indian Army takes 'US shipped arms to Pak' dig amid Trump's tariff threats
2. BJP leader shares Kissinger's quote amid Trump's tariff threats
3. Raj luxury train 'Palace on Wheels' to resume from September 17
4. Oppn shot itself in foot by asking for Op Sindoor debate: PM Modi
5. Ukraine claims India-made parts used in Russian drones, complains to EU
6. Goa CM vows action after MLAs object to outsiders taking Goan names

# Income tax return filing deadline extended: 10 common mistakes to avoid

**NEW DEIHI, (Agency).** The government has extended the deadline to file Income Tax Returns (ITR) for 2025 to September 15, instead of the usual July 31. Even though the date has been pushed, it's better to file early to avoid errors and to have time to fix any issues.

Filing an ITR is compulsory if your total income exceeds ₹2.5 lakh under the old tax regime, or ₹3 lakh under the new one. You must file even if no tax is due. If you delay, you risk making mistakes that can lead to penalties.



◆ Here are 10 common ITR mistakes to avoid in 2025

Using the wrong ITR form: Filing with the wrong form can cause delays or defect notices. For example, use ITR-1 only if your salary is below ₹50 lakh and you have no capital gains.

Not verifying the ITR: If you don't e-verify your return after filing, it will be treated as not submitted. Verification is mandatory.

Wrong assessment year: For income earned in 2024–25, select AY 2025–26. Choosing the wrong year can lead to fines.

Incorrect personal details: Mistakes in your name, PAN, date of birth, bank account, or contact details can cause problems with processing and refunds.

Missing other income: Declare all income sources, including interest on savings or fixed deposits, rental income, or capital gains. Omissions can attract notices and fines.

Wrong format: Fill in details exactly as required in the ITR form. Incorrect formats can lead to errors in your return.

Wrong tax regime: Choosing the wrong tax regime could mean missing out on benefits or deductions. Choose the one best suited to your income.

# Who is Shyam Sankar? The billionaire technologist driving Palantir's AI-boom

**NEW DEIHI, (Agency).** Shyam Sankar, the son of Indian immigrants who once ran a souvenir shop in Orlando, is now a billionaire at the helm of one of the most influential AI companies in the world.

As Palantir Technologies Inc. continues its meteoric rise, with its stock up more than 500% in the past year, Sankar, the company's Chief Technology Officer, has emerged as a key architect behind its success. On July 25, the data analytics giant's shares hit an all-time high of $158.80, lifting Sankar's net worth to $1.3 billion, according to the Bloomberg



Billionaires Index.c and defence innovation but has become one of its most important public voices.

Compare flights & save up to 30% on your next trip Book Now

Mumbai to Silicon Valley

Born in Mumbai and raised in Orlando, Florida, Sankar's life mirrors the quintessential American immigrant success story. His father, born in a mud hut in Tamil Nadu, was the first in the family to attend college. After a brief stint in Nigeria, the Sankars moved to the US, where they ran souvenir and dry-cleaning businesses - the latter eventually went bankrupt.

Despite these ups and downs, Sankar pursued academics rigorously, earning an undergraduate degree in electrical and computer engineering from Cornell University and a master's in management science and engineering from Stanford. Early in his career, he turned down a consulting job to join a startup on his father's advice, before signing on at Palantir as employee #13 in the mid-2000s.

गैस सुरक्षा पर सख्ती- रिहायशी क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग पकड़ी गई

# 14 गैस सिलेंडर सहित मोटर जब्त प्रकरण भी किया गया दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध क्रय-विक्रय, भण्डारण और अवैध उपयोग करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में द्रविड़ नगर रिहायशी क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग का मामला पकड़ा गया है। खाद्य विभाग के अमले द्वारा की गई इस कार्रवाई में 14 गैस सिलेंडर सहित मोटर और अन्य उपकरण जप्त किये गए हैं। संबंधित आरोपी के विरूद्ध प्रकरण भी दर्ज कर लिया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध भंडारण, रिफिलिंग बिक्री पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संयुक्त निरीक्षण दल के सदस्यों सहायक आपूर्ति अधिकारी शिव सुंदर व्यास, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी महादेव मुवेल, राहुल



शर्मा एवं सुश्री सुचिता दुबे द्वारा द्रविड़ नगर स्थित मकान नंबर 42 की जांच की गई। जांच के दौरान उक्त घर के प्रथम तल में 4 घरेलू गैस सिलेंडर (क्षमता 14.2 किलो, कंपनी बीपीसीएल) सीलबंद एवं घर के द्वितीय तल में 03 घरेलू गैस सिलेंडर (क्षमता 14.2 किलो कंपनी बीपीसीएल) खाली, 05 व्यवसायिक गैस सिलेंडर (क्षमता 19 किलो कंपनी बीपीसीएल खाली), 2 व्यवसायिक गैस सिलेंडर (क्षमता 19 किलो) सीलबंद पाए गए। मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर से व्यावसायिक गैस सिलेंडर में गैस अंतरण का कार्य किया जाना पाया गया। इस प्रकार कुल 7 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 7 व्यवसायिक गैस सिलेंडर, 1 इलेक्ट्रिक मोटर, 1 तौल कांटा एवं 1 गैस रिफिलिंग पाइप विनीत केतके से जप्त किये गए। द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 की कंडिकाओं का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## मोगरी से वार कर बेटे को उतारा मौत के घाट

### नशे की हालत में आए दिन करता था विवाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में एक पिता ने अपने ही बेटे की मोगरी मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बेटा शराब पीने का आदी था और आए दिन पिता से विवाद करता था। इसी को लेकर मंगलवार को नशा करने की बात पर हुए विवाद में पिता ने बेटे की हत्या कर दी।**

पुलिस के अनुसार, घटना अंबिकापुरी मेन की है। यहां सतीश भावसार ने अपने बेटे गोलू भावसार के सिर पर मोगरी मारकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। वहीं, एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची है। जानकारी के अनुसार, गोलू कोई काम-धंधा नहीं करता था और माता-पिता से खर्च के लिए रुपए मांगता था। मंगलवार करीब साढ़े चार बजे वह नशे की हालत में अपने पिता से फिर विवाद कर रहा था। इसी दौरान गुस्से में पिता ने मोगरी उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद पिता ने दोबारा मोगरी से वार किया, जिससे गोलू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय गोलू की मां भी मौके पर मौजूद थी। गोलू के पिता प्लास्टिक की थैली सीने का काम करते हैं, जबकि गोलू की पत्नी उसे पहले ही छोड़ चुकी है।

## प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्यार में धोखा खाने वाली एक युवती ने सुसाइड कर लिया। उसके माता-पिता के बयान और युवती के मोबाइल से मिली रिकार्डिंग के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच की और घटना के करीब 9 माह बाद सोमवार रात आरोपी युवक शुभम शिंदे के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आरोपी युवती के बड़े पिता (ताऊ) का बेटा है।

घटना इंदौर के सिमरोल इलाके की है। युवती हर्षिता शिंदे ने 8 नवंबर 2024 को घर में ही जहर खा लिया था। उसे उपचार के लिए तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। तब पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया था। बाद में माता-पिता को पता चला कि हर्षिता के बड़े पिता का बेटा शुभम उससे प्यार करने लगा था। दोनों के बीच बातें होती थीं। परिजनों ने युवती के मोबाइल से कुछ रिकार्डिंग निकालकर पुलिस को दी और बयान भी दर्ज कराए। शुभम और युवती के बीच हुई बातचीत से पता चला कि दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। बाद में शुभम ने युवती को धोखा दिया और शादी करने से इंकार कर दिया। तब युवती ने मोबाइल पर शुभम से कहा था कि उसने जिंदगी बर्बाद कर दी। इसका अंजाम अच्छा नहीं होगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक